Regarding allocation of funds for construction of Highways No. 351G and 351-K in Gujarat

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): राष्ट्रीय राजमार्ग-351 के सहायक राजमार्ग 351-G जिसकी सीमा मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली, गुजरात नागेश्री गाँव से प्रारंभ होकर गाँव खांभा-चलाला-चीतल-बाबरा-आटकोट-जस्दन से होते हुए चोटिला गाँव तक है। राजमार्ग संख्या 351-K की सीमा अमरेली, गुजरात के उना गाँव से शुरू होकर गाँव धोकड़वा-इंगोराला-धारी से होते हुए बगसरा गाँव तक है। इन दोनों ही राजमार्गों को बनाने का एकमात्र उद्देश्य अमरेली क्षेत्र को गुजरातके अन्य जिलों एवं महानगरों से जोड़ने का है जिससे वहां के लोगो की यातायात सम्बन्धी समस्या का निवारण किया जा सके।

राजमार्ग के कार्य को प्रारंभ करने की अलाइमेंट स्वीकृति हेतु संबंधित दस्तावेज एवं अनुमोदन पत्रमुख्य अभियंता, गुजरात सरकार द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा जा चूका है लेकिन मंत्रालय की ओर से मंजूरी न मिलने के कारण इस राष्ट्रीय राजमार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) एवं निर्माण कार्य लम्बे समयसे रुके हुए है। रुकावट होने का एक कारण मंत्रालय द्वारा आईटीआईराष्ट्रीय राजमार्ग-351 की संरेखण (अलाइमेंट) स्वीकृति भी है जिसके प्राप्त होने में लगभग 4 वर्ष का लंबा समय लग गया जिसके कारण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एवं निर्माण कार्य शुरू होने में दिन-प्रतिदिन देरी होती जा रही है। यह दोनों ही राजमार्ग अमरेली क्षेत्र को अन्य जिलों से जोड़ने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और इनकी महत्व को ध्यान में रखते हुए मे आपसे आग्रह करता हूँ कि आगामी बजट सत्र में (वित्तीय वर्ष 2023-2024) में उक्त परियोजना के समय पर निष्पादन हेतु पर्याप्त बजट आवंटन करने की कृपा करें जिससे जनता को इन राजमार्गों का पूरा लाभ मिल सके ओर देश के परिवहन क्षेत्र को एक और नई उपलब्धि हासिल हो सके। धन्यवाद ।